
हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार, 25 दिसंबर, 2023



**खबर संक्षेप**

### क्रिसमस पर आज चर्च में विशेष प्रार्थना सभा



**राजनांदगांव।** प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन क्रिसमस पर्व को लेकर अंचल में हर्षोल्लास का माहौल है। इस मौके पर चर्च में विशेष प्रार्थना सभा होगी एवं प्रभु यीशु के संदेश को बताया जाएगा। कल 25 दिसंबर को प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिसकी व्यापक तैयारियां ईसाई समुदाय के लोगों ने की है। पर्व को लेकर बाजार में जमकर खरीदी भी की गई। साज-सजावट के सामान, क्रिसमस ट्री सहित केक की मांग लोगों के बीच बनी रही। क्रिसमस पर्व को लेकर जिले के चर्चों में विशेष साज-सजावट की गई है। कल सुबह के समय चर्च में विशेष प्रार्थना की जाएगी एवं प्रभु यीशु के संदेशों को बताया जाएगा। वहीं घर-घर में भी प्रार्थना कर प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन मनाया जाएगा। साथ ही विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ज्ञात हो कि पर्व के परिप्रेक्ष्य में गत दिवस शहर में भव्य रैली निकाली गई थी। जिसमें प्रभु यीशु मसीह से संबंधित झांकी रखी गई थी। शहर के प्रमुख मार्गों से निकली इस रैली में बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति बनी हुई थी। वहीं बाइक रैली का भी आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

**माए एंगल**




बरडिया ज्वेलर्स प्रा.लि.
राजनांदगांव
☎ 07744-407161
कुंदन, जड़ाऊ ज्वेलरी
पार्किंग सुविधा उपलब्ध है

# अल्टीमेटम के बाद भी नहीं सुधरे हालात: तीन जिलों में 30 लाख क्विंटल धान जाम, एफसीआई के इंतजार में मिलर्स

**पिछले एक पखवाड़े में 29 लाख क्विंटल खरीदी, उठाव सिर्फ 20 लाख क्विंटल... इससे साढ़े नौ लाख क्विंटल धान और जाम हो गया**

धान खरीदी की प्रक्रिया एक बार फिर पटरी से उतरती हुई नजर आ रही है। उठाव तेज करने को लेकर लगातार हो रही मांग के बावजूद प्रशासन हालत सुधारने में नाकाफी साबित हो रहा है। हालांकि पिछले एक पखवाड़े में उठाव की रफ्तार तेज हुई है, लेकिन फिर भी खरीदी के मुकाबले गति धीमी है। तीन दिसंबर को भी समिति प्रबंधकों ने उठाव नहीं होने से नाराज होकर एक दिन के लिए खरीदी बंद रखी थी, तब भी बैठक लेकर अल्टीमेटम दिया गया था कि 15 दिसंबर तक उठाव तेज कर हालत सुधार लिए जाएंगे, लेकिन उसके बाद के एक पखवाड़े में भी ऐसा नहीं हो पाया। जिसका परिणाम है कि तीन जिलों में करीबन 30 लाख क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है। ऐसे में नई खरीदी करने में समिति प्रबंधकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समिति प्रबंधक जहां धीमे उठाव से परेशान है। वहीं राईस मिलरों के साथ दिक्कत यह है कि अब तक एफसीआई ने अपने कोटे का चावल लेना शुरू नहीं किया है। जबकि नान के गोदाम में चार हजार मीट्रिक से अधिक चावल जमा किया जा चुका है। जिसके चलते उनके गोदाम में भी अब जगह की किल्लत होने लगी है। ऐसे में उठाव तेज करने से पहले राईस मिलर एफसीआई द्वारा चावल लिए जाने की शुरूआत होने का इंतजार कर रहे हैं।

हालांकि प्रशासन उठाव लगातार तेज करने के लिए स्थानीय मिलर के अलावा दूसरे जिलों के मिलरों को भी डीओ जारी कर रहा है, लेकिन दूसरे जिले वाले मिलर भी बड़ी मात्रा में उठाव नहीं कर पा रहे हैं। समिति प्रबंधकों और मिलरों की अपनी-अपनी दिक्कतों के बीच में किसानों को धान बेचने में परेशान होना पड़ रहा है। जबकि अब भी अविभाजित राजनांदगांव जिले में 40 फीसदी से अधिक पंजीकृत किसान धान बेचना के लिए बचे हुए हैं। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में कम समय में धान लेने के लिए लगातार खरीदी होना जरूरी है।

### रायपुर, धमतरी जिलों के मिलर्स से भी उठाव

जिले में करीबन 74 राईस मिल है, जिनसे धान उठाव का कार्य कराया जा रहा है। इनके अलावा तेजी लाने के लिए अन्य जिलो की भी मदद ली जा रही है। इसमें रायपुर, धमतरी के मिलर द्वारा उठाव किया गया है, हालांकि दूसरे जिलो के मिलर द्वारा उठाव का आंकड़ा बेहद कम है। आने वाले दिनो में इसके बढ़ने की संभावना है। इधर स्थानीय राईस मिलर जब तक तेज गति से उठाव नहीं करेंगे, स्थिती सुधरेगी नहीं।

**खास बातें**

- मोहला-मानपुर जिले का हाल सबसे बुरा
- जाम से इस सप्ताह की खरीदी होगी प्रभावित
- टोकन लेने के लिए भी करना पड़ रहा किसानों को इंतजार



### 54 दिनों में 123760 किसानों से खरीदी, बचे हुए 36 दिनों में 115682 से खरीदना चुनौती!

धान के धीमे उठाव के बीच एक समस्या यह भी है कि अब भी 45 फीसदी से अधिक पंजीकृत किसान धान नहीं बेच पाए है। इन किसानों से अगले 36 दिनों में खरीदी होनी है, इसमें भी लगभग दर्जनभर शासकीय अवकाश शामिल है। ऐसे में इन किसानों से खरीदी करना चुनौती बन गया है, इधर समिति प्रबंधको का कहना है कि यदि उठाव की रफ्तार बढ़ाने में प्रशासन असक्षम है तो खरीदी की अंतिम तारीक को बढ़ाकर 15 फरवरी कर दिया जाना चाहिए। अब तक अविभाजित राजनांदगांव जिले में 123760 किसानों से खरीदी की गई है, इसमें राजनांदगांव जिले के 68631 किसान, खैरागढ़ जिले के 36600 किसान और मोहला-मानपुर के 18529 किसान शामिल है। वहीं 115682 किसानों से खरीदी होना बाकी है, इसके अलावा जिन किसानों ने धान बेच लिया है उनसे भी 20 क्विंटल प्रति एकड़ के अनुसार खरीदी की गई है। ऐसे में नए आदेश अनुसार इन किसानों से भी प्रति एकड़ के हिसाब से एक क्विंटल धान लिया जाएगा। ऐसे में आने वाले दिनों में धान बेचने के लिए उर्पाजन केंद्रों में किसानों की भीड़ लगना संभावित है।

**खरीदी बंद करने का ऐलान**...इधर समिति प्रबंधक संघ ने धीमे रफ्तार से परेशान होकर एक बार फिर नाराजगी जाहिर करते हुए मोहला-मानपुर जिले में 26 दिसंबर से खरीदी बंद करने का एलान कर दिया है। इनका कहना है कि लगातार मांग के बाद भी उठाव में तेजी लाने के लिए ठोस निर्णय नहीं लिया जा रहा है। जिसके चलते केंद्रों में बफर लिमिट पार हो गई है, मोहला-मानपुर जिले में स्थिती चिंताजनक है। जिले में अधिकांश केंद्र अब नई खरीदी के लिए जगह नहीं होने की स्थिती का सामना कर रहें है।



**नए साल से चावल लेगा एफसीआई !**...राईस मिलर से मिली जानकारी के अनुसार उठाव में तेजी नहीं आने के पीछे अब तक एफसीआई द्वारा चावल लेना शुरु नहीं होना है। उनके मुताबिक पिछले साल अब तक एफसीआई ने चावल लेना शुरु कर दिया था, ऐसे में मिलर उठाव करने में तेजी दिखा पा रहे थे। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो पाया है, हालांकि नान द्वारा चावल लिया जा रहा है, परन्तु उसका टारगेट और क्षमता दोनों कम है। ऐसे में जब तक एफसीआई द्वारा चावल लेना शुरु नहीं होगा उठाव की यह स्थिती बनी रहेगी। इधर प्रशासन भी लगातार राईस मिलर संघ से संपर्क बनाकर उठाव में तेजी लाने का प्रयास कर रहा है।



**बीच रास्ते ट्रक से भाग निकला ड्राईवर, तलाश में पुलिस**

# आयसर में भरकर सोमनी से महाराष्ट्र ले जा रहे थे 38 मवेशी, बीच रास्ते वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आयशर वाहन में मवेशियों को ठूंस-ठूंसकर भरकर महाराष्ट्र की ओर ले जाया जा रहा था। जिसकी मुखबीर से सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने घेराबंदी कर भोर के समय वाहन को पकड़ा। जब्त वाहन से 38 मवेशी बरामद किए गए हैं। हालांकि आरोपी वाहन छोड़कर भाग निकला जिसके बाद से ही मामले में आरोपी वाहन चालक की खोजबीन के लिए पुलिस टीम को तैनात कर दिया गया है, जो तलाश कर रही है।

एसपी मोहित गर्ग के निर्देश एवं एएसपी राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली राजनांदगांव पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य से महाराष्ट्र राज्य के बूचड़खाने मवेशियों को ले जाने वाले वाहनों पर लगातार नजर रखी जा रही है। उपरोक्त कार्रवाई में टीआई कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, एसआई संजय बरेठ, आरक्षक रंजीत चौरसिया, विष्णु साहू, लोकेश साहू, भुनेश्वर जायसी, केशलाल रात्रे, वाहन चालक प्रधान आरक्षक अरूण कौमार्य एवं स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

**मुखबीर की सूचना पर कोतवाली पुलिस की कार्रवाई**



### फरार चालक की सरगर्मी से तलाश, टीम जुटी

आरोपी टाटा आयशर ट्रक के चालक के खिलाफ अपराध सबूत पाए जाने से अपराध क्रमांक धारा 4, 6, 10 छग कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं 11 पशुक्रूरता निवारण अधिनियम 1960 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मौके से फरार आरोपी चालक का पता तलाश किया जा रहा है, जिसे पता कर शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### गौशाला के सुपुर्द किया

वाहन में पर्याप्त हवा, पानी, चारे का इंतजाम नहीं था। आरोपी वाहन चालक द्वारा अपने ट्रक में मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर छत्तीसगढ़ राज्य से दीगर प्रांत महाराष्ट्र राज्य के बूचड़खाना कत्ल करने ले जाते पाए जाने पर मौके पर घटनास्थल से उक्त ट्रक एवं मवेशियों को जब्त कर मवेशियों का पशु चिकित्सक से मुलाहिजा कराकर पिंजरापोल गौशाला राजनांदगांव को देखरेख उपचार हेतु सुरक्षार्थ सुपुर्दनामे पर दिया गया।

### वाहन में ठूंस-ठूंसकर भरे थे मवेशी

सुबह करीब पौन 10 बजे सोमनी की ओर से मेन रोड़ पर एक लाल रंग का ट्रक आते दिखा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ने के दौरान उक्त ट्रक का चालक पुलिस को देखकर ट्रक को छोड़कर भाग गया। जिसका काफी खोजबीन करने पर पता नहीं चला। टाटा आयशर ट्रक को चेक करने पर ट्रक के अंदर 6 नग सफेद गाय, 8 नग लाल गाय, 8 नग काली गाय, 4 नग लाल बछिया, 2 नग सफेद बछिया, 2 नग काली बछिया, 7 नग लाल बछड़ा एवं 1 नग सफेद बछड़ा कुल 38 नग कमजोर अस्वस्थ मवेशियों को वाहन में ठूस-ठूस कर क्रूरतापूर्वक भरा गया था।

### पुलिस ने की नाकाबंदी

पुलिस के अनुसार 24 दिसंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि एक लाल रंग का टाटा आयशर ट्रक में सोमनी क्षेत्र से मवेशियों को भरकर नागपुर महाराष्ट्र के बूचड़खाने ले जा रहे हैं। इस सूचना पर तत्काल थाना से स्टॉफ एवं पेट्रोलिंग पार्टी को भाजपा कार्यालय के पास मेन रोड़ राजनांदगांव में भेजकर नाकेबंदी पर लगाया गया।

**1.78 लाख किसानों को मिलेगा 235 करोड़ रुपए बोनस**

# जिन किसानों की मौत उनके नॉमिनी को मिलेगा, जीवित के खाते में सीधे आएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा चुनाव से पहले किसानों को दो साल का बकाया बोनस देने का वादा करने वाली भाजपा अब अपने कहे पर अमल करने जा रही है। 2014 और 2015 वर्ष का बकाया बोनस किसानों के खाते में आज सीधे ट्रांसफर किए जाएंगे। प्रदेश स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम द्वारा अविभाजित राजनांदगांव जिले के करीबन 1.78 लाख किसानों को 235 करोड़ रुपए भेजे जाएंगे।

बताया गया कि जिन किसानों की मृत्यु हो गई है, उन्होंने यदि नॉमिनी का नाम दर्ज कराया रहा होगा तो उनके खाते में पैसे भेजे जाएंगे। वहीं जीवित किसानों को सीधे उनके बैंक अकाउंट में राशि मिल जाएगी।

उल्लेखनीय है कि तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा किसानों को प्रति क्विंटल तीन सौ रुपए बोनस राशि देने का वादा किया गया था, लेकिन वह उस वक्त पूरा नहीं हो पाया था। ऐसे में इस बार विधानसभा चुनाव से पहले अपने घोषणा पत्र में भाजपा ने इस वादे को पूरा करने की बात कही थी। बोनस राशि वितरण को लेकर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी कर ली है। आज दोपहर 1 बजे आयोजन की शुरूआत होगी। जिसके बाद ही सीधे रकम ट्रांसफर कर दी जाएगी।



### नांदगांव के सर्वाधिक किसान को बोनस

जिला सहकारी बैंक से मिले आंकडों के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव जिले में 1.78 लाख किसानों को बोनस राशि दी जाएगी। इनमें राजनांगांव जिले के 105480 किसानों को 46.76 लाख क्विंटल धान के बदले 140 करोड़ रुपए भेजे जाएंगे। ऐसे ही खैरागढ़ जिले के 49390 किसानों को 23.33 लाख क्विंटल के बदले 70 करोड़ रुपए भेजे जाएंगे। मोहला-मानपुर जिले के 23715 किसानों को 8.33 लाख क्विंटल धान का 25 करोड़ रुपए बोनस राशि के रूप में दिया जाएगा। वहीं कवर्धा जिले के 86363 किसानों को 39.74 लाख क्विंटल के बदले 119 करोड़ रुपए का बोनस सीधे खाते में भेजा जाएगा।

### कर्जमाफी नहीं, बोनस से भरेगी जेब

उल्लेखनीय है कि इस विधानसभा चुनाव में किसानों को साधने के लिए भाजपा से लेकर कांग्रेस और अन्य दलों ने भी कई वादे किए थे। पिछले चुनाव के बाद कर्जमाफी होने से किसानों को सीधा फायदा पहुंचा था। इस बार भी कांग्रेस ने कर्जमाफी का वादा किया था। हालांकि कांग्रेस की प्रदेश में हार के बाद बनी भाजपा सरकार ने कर्जमाफी का वादा नहीं किया था। ऐसे में किसानों का कर्ज माफ तो नहीं हुआ, परन्तु अब दो साल का बकाया बोनस एकमुश्त देकर भाजपा की प्रदेश सरकार किसानों के जेब में पैसा डालने जा रही है। बोनस राशि मिलने से जिले के लाखों किसानों को सीधा फायदा मिलने वाला है।

### तहसील में सत्यापन के बाद मिलेगी राशि

जिला सहकारी बैंक के सीईओ सुधीर सोनी से मिली जानकारी के अनुसार जिन किसानों के खाते में सीधे आज बोनस की राशि नहीं पहुंचेंगे, उनका फिर तहसील से सत्यापन कर रकम भेजी जाएगी। इसके अलावा मृतक किसान के परिवारजन को भी सत्यापन की प्रक्रिया के बाद ही दो साल का बकाया बोनस दिया जाएगा।

**जैन आचार्य विद्यासागर के नगर आगमन पर उमड़ा जनसैलाब**

# संस्कारधानी में 108 मंगल कलशों से जैनाचार्य की अगुवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का आज संस्कारधानी में मंगल प्रवेश हुआ। इस दौरान बडी संख्या में जैन समाज के लोगों की उपस्थिति रही। जैनाचार्य का स्वागत शहर के सभी समाज के लोगों ने किया। युग श्रेष्ठ 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का मंगल अगवानी मनसुखलाल पेट्रोल पंप के पास सुबह 8.30 बजे दिगंबर जैन समाज सहित सकल जैन समाज एवं राजनांदगांव शहर के सभी समाज प्रमुखों द्वारा की गई । जिसमें अग्रवाल समाज, माहेश्वरी समाज, खंडेलवाल समाज, गुप्ता समाज सहित शहर की अहिंसामई समाज ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ वर्तमान के वर्धमान आचार्य भगवन का ससंघ का भावभीना स्वागत किया गया।

⏩ शेष पेज 09 पर

### भव्य मंदिर निर्माण का दिया शुभाशीष

दिगंबर जैन समाज के सूर्यकांत जैन ने बताया कि आचार्य श्री के मंदिर में पहुंचने के उपरांत उनकी दिव्य देशना सुनने का सौभाग्य सभी शहरवासियों एवं जैन समाज को प्राप्त हुआ। आचार्यश्री के प्रवचन के समय उपस्थित जैन समाज ने भगवान 1008 श्री नेमिनाथ जिनालय जो 125 वर्ष प्राचीन हो चुका है, उसके नव निर्माण का अनुरोध आचार्य श्री से किया था, जिसे दोहराते हुए समाज ने पुनःअपना अनुरोध आचार्य भगवान से प्रवचन के समय किया, जिसे सहस्त्र स्वीकृति देते हुए आचार्य श्री ने नए भव्य मंदिर निर्माण का शुभाशीष जैन समाज के सभी सदस्यों को जिम्मेदारी देते हुए दिया।



### कलशों के साथ हुआ भव्य स्वागत

स्वागत के दौरान जैन समाज की सभी महिलाओं ने एकरूप धार्मिक परिधान पहनकर 108 कलशों के साथ धार्मिक ध्वज लहराते हुए आचार्यश्री का ससंघ स्वागत किया। आचार्यश्री के आगमन से जैन मंदिर गंज लाइन पहुंचने तक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति चंद्रेश जैन एवं श्रीमती टीना जैन द्वारा अपने साथियों के साथ प्रस्तुत की गई, जिस पर युवा वर्ग पूरे उत्साह के साथ नृत्य करते हुए अपने तीर्थंकर स्वरूप आचार्य श्री का स्वागत करते रहे।

### बनेगी रूपरेखा

उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से जैन समाज ने जो भावना व्यक्त की है, वह सराहनीय है और उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि जिस तरह हम अपना घर छोटे से बड़ा बनाते हैं तो जिसकी अनुकंपा से सारा वैभव है। समय के साथ भगवान का मंदिर भी बड़ा और भव्य होना चाहिए। आचार्य श्री ने कहा कि ऐसे भव्य जिनालय का निर्माण हो । जिसकी उम्र लगभग 2000 वर्ष हो, जिससे हमारे आने वाली कई पीढ़ियां जैन धर्म को जानकर अपने मोक्ष का मार्ग प्रशस्त कर सके। जिसके लिए आचार्य श्री के समक्ष मंदिर निर्माण को लेकर रूपरेखा तैयार की गई एवं आचार्य श्री ने कहा कि प्रतिष्ठाचार्य जी को आमंत्रित कर कार्य की पूर्ण रूपरेखा बनाए।

सोलर फैंसिंग झटका मशीन
अजंता 15.0 न्यू मॉडल
1 से 15 एकड़ क्षमता वाली मशीन सेट
मात्र 6600/-
अजंता 25.0 मशीन सेट
1 से 25 एकड़ क्षमता वाली मशीन
मात्र 7600/-
डीलरशिप के लिए संपर्क करें
बैटरी पर तीन साल की वारंटी
✱ 50 नग इंसुलेटर फ्री
सिन्हा बोरवेल्स एंड पंप
प्रो. चन्द्रकुमार सिन्हा, मो.नं. 9098704103, 7693066103
यूनियन बैंक के सामने, सुकुल दैहान, राजनांदगांव

## खबर संक्षेप

### जयंती समारोह आज

**घुमका।** ग्राम भदेरा नवागांव में कल सोमवार क़ो बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाया जाएगा। सतनाम भवन प्रांगण के जैतखाम पर श्वेत ध्वजा फहराया जाएगा। पंथी नृत्य के साथ ध्वज क़ो सम्मान दिया जाएगा। रात्रि में दर्राबांधा वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वर रागिनी का आयोजन रखा गया है। यह जानकारी विनोद बारले ने दी।

### संकुल स्तरीय खेल स्पर्धा 3 से

**घुमका।** आगामी 3 और 4 जनवरी को मुड़पार में संकुल स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा का आयोजन रखा गया है। स्पर्धा में शाामिल होने वाले छात्र छात्राओं क़ो प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रधान पाठक भावना श्रीवास्तव ने बताया कि उपरवाह संकुल के अधीन आने वाली प्राथमिक शाला मुड़पार, बरगाही, उपरवाह, बरबसपुर, चवंरढाल, मिडिल स्कूल उपरवाह, बरबसपुर, चवंर ढाल के बच्चे स्पर्धा में शामिल होंगे। शिक्षक डेमन साहू एवं थानसिंह ने बताया कि स्पर्धा के तहत 80 मीटर दौड़, बोरा दौड़, आलू दौड़, कबड्डी, खो खो, रस्सी छलांग, गोली चम्मच एवं पूर्व माध्यमिक वर्ग के लिए 100, 200, 400, 600 मीटर दौड़, कबड्डी, खो खो, रेले रेस, गोला फेंक, रस्साकसी, लंबी कूद होगी।

### घिरघोली में बोनस वितरण आज

**सड़क अतरिया।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाने की तैयारी है। अटल स्तंभ में अटल जी को याद कर जनप्रतिनिधि नमन करेंगे। कल ही राज्य की भाजपा सरकार द्वारा किसानो को 2 साल का बोनस का वितरण किया जाएगा। बोनस वितरण समारोह का विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम कल घिरघोली में रखा गया है। मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव कोमल जंघेल होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य प्रियंका ताम्रकार करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिला पंचायत सदस्य ममता पाल, निर्मला वर्मा, जनपद अध्यक्ष नीना ताम्रकार, नेतराम जंघेल, राजेश मेहता, परासर ठाकरे और रीमा जंघेल सहित अन्य शामिल होंगे।

### बेहतर परीक्षा परिणाम पर चर्चा



**सड़क अतरिया।** दाऊ गुलाब दास वैष्णव माध्यमिक विद्यालय सड़क अतरिया में शनिवार को शिक्षक अविभावक सम्मेलन एवं परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एसएमडीसी अध्यक्ष अशोक जंघेल, ललित जैन थे। कार्यक्रम में प्राचार्य खेमराज सिन्हा, कोमल नारायण वर्मा, हेमलता वैष्णव, पुष्पा जंघेल, शिवकुमार पारधी, हेमलता पारधी, अनिता मेरावी, पाली मेम, सरिता शर्मा, शोभना बोपचे, ए गहिरवार, मिथलेश पटेल, पी सिन्हा आदि शामिल हुए। कार्यक्रम में छात्रों की अध वार्षिक परीक्षा के परिणाम पर चर्चा कर बोर्ड परीक्षा के बेहतर परिणाम के संबंध में अभिभावकों का मार्गदर्शन किया गया।

### भाजपा सरकार ने शुरू किया वादे पर अमल करना

# किसानों की आज खुलेगी लॉटरी, 26 हजार किसानों को मिलेगा 32 करोड़

## किसानों को मिलेगा धान का लंबित बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी का जन्म दिन किसानों के लिए वरदान साबित होने वाला है। कल 25 दिसंबर को राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार चुनावी वादे के अनुरूप दो साल के लंबित बोनस का भुगतान करेगी। अंचल के करीब 26 हजार किसानों को इसका लाभ मिलेगा। किसानों के खाते में करीब 32 करोड़ जमा किया जाएगा। सरकार की इस पहल से किसानों में काफी प्रसन्नता देखी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा ने नवंबर में संपन्न विधानसभा चुनाव के पहले मोदी की गारंटी के नाम से घोषणा पत्र जारी करते हुए राज्य के किसानों को वर्ष 2014-15 और 2015-16 का लंबित बोनस देने का वादा किया था। भाजपा ने साफ शब्दों में कहा था कि यह राशि 25 दिसंबर को किसानों के खाते में जमा कर दिया जाएगा। चुनाव में जीत और राज्य में सरकार बनने के बाद अपने वादे को पूरा करते हुए कल 25 दिसंबर को किसानों के खाते में बोनस की राशि जमा किया जाना है। जानकारी के अनुसार जिला सहकारी बैंक की स्थानीय शाखा के अधीन आने वाले गांव के 14 हजार 137 किसानों को 17 करोड़ 33 लाख पांच हजार 920 रूपए, तुमड़ीबोड़ शाखा के 2026 किसानों को दो करोड़ 93 लाख 87 हजार 520, खुज्जी शाखा के 10484 किसानों को 12 करोड़ 3 लाख 86 हजार 40 रूपए बोनस के रूप में दिया जाएगा।

### किसानों में खुशी की लहर

मंडल भाजपा अध्यक्ष और स्थानीय सेवा सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार डोंगरगांव समिति के 3136 किसानों को 39591960, अर्जुनी के 3077 को 39059400, कोकपुर के 2446 को 33368640, खुर्सीटिकुल के 2906 को 32933160,कुमरदा के 2372 किसानों को 28352760 रूपए धान के बोनस के रूप में दिया जाएगा। इसी प्रकार तुमडीबोड़ बैंक के अधीन आने वाली तुमड़ीबोड़ समिति के 1114 किसानों को 17302440, तिलईरवार के 614 को 8059680 और भानपुरी समिति के 296 किसानों को 4025400 रूपए दिया जाना है।

### दस हजार किसानों को मिलेगा लाभ

जानकारी के अनुसार ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम खुज्जी में संचालित सहकारी बैंक में छह सहकारी समितियां संचालित है जिसके 10 हजार 484 किसानों को 12 करोड़ तीन लाख 86 हजार 40 रूपए बोनस के रूप में वितरित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार खुज्जी सोसायटी के 2322 किसानों को 27490200, खुर्सीपार के 2379 को 33293160, रतनभाट के 1551 को 16904760, गिदर्री के 1665 को 16526160, मटिया के 1588 को 14890080, उमरवाही के 979 किसानों को 11281680 रूपए का भुगतान किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन सरकार ने इस आशय का वादा किया था किंतु अमल नहीं होने पर उसे चुनाव में किसानों की नाराजगी का सामना करना पड़ा था।

### सरकार ने निभाया वादा

मंडल भाजपा अध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है



जिसका ताजा उदाहरण राज्य सरकार का वर्तमान फैसला है। सरकार ने अपनी घोषणा के मुताबिक किसानों को दो साल का लंबित बोनस देने का निर्णय लिया है जिस पर कल 25 दिसंबर को शत प्रतिशत अमल होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जितने भी वादे किए है उसे प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा।

# रायपुर विधायक ने किया देवी दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

रायपुर उत्तर के विधायक पुरेन्द्र मिश्रा, विधानसभा प्रभारी लोकेश कावड़यि ने यहां पहुंचकर मां बम्लेश्वरी देवी की पूजा अर्चना किया। उन्होंने चुनाव के पूर्व अपनी मन्नत के अनुसार माता बम्लेश्वरी को चांदी का छत्र चढ़ाया। उनके मंदिर पहुंचने पर मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के ट्रस्टी चंद्रप्रकाश मिश्रा, प्रकाश बिंदल ने आत्मीय स्वागत किया। दर्शन के बाद उन्होने बताया कि वह 2003 से राजनीति में सक्रिय है।उन्होंने कार्यकर्ता के रूप में राजनीतिक सफर शुरू किया था और फिर भाजपा विंग के कई पदों में रहते हुए केन्द्र की योजनाओं को क्रियान्वयन करने में सहभागिता निभाया था। उन्होंने भाजपा संयोजक हरविंदर एस मंगे के फार्म हाउस में पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया। इस दौरान हरविंदर सिंग मंगे, महेन्द्र अग्रवाल, संतु राव अन्ना, परविंदर सिंग मोंटी, रमन डोंगरे, अमित छाबड़ा, तुलसी मिश्रा, विजेन्द्रसिंग ठाकुर, रामकुमार सिन्हा, रवि रंजन, रेखराज वर्मा, शैलू साहू, सुरेश मरकाम, अमन जनबंधु सहित अन्य उपस्थित थे।

# गांव-गांव में मंडई मेला का दौर जारी

**सलटिकरी।** ग्राम पंचायत सलटिकरी में आगामी 26 दिसंबर को ग्रामवासियों ने मंडई मेला का आयोजन किया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी बांधा बाजार वालों का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी देते हुए ग्राम के गणेश साहू, सरपंच सुमन मेश्राम, मोहन ने अंचलवासियों से उपस्थित होने की अपील की है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कन्हारगांव में 26 दिसंबर को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में जय मां शीतला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी महासमुंद वालों का कार्यक्रम होगा।

### मड़ियान मंडई 27 को

ग्राम पंचायत मडियान में आगामी 27 दिसंबर को मंडई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए महके मोंगरा नाच पार्टी खुदनी का नाच होगा। यह जानकारी देते हुए ग्राम प्रमुख गणेश राम साहू, पलट राम, कृष्ण देवांगन, रघुनंदन चंद्रवंशी ने समस्त ग्रामवासियों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# शहादत दिवस पर निकली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

■ आदिवासी समाज के लोगों ने शहीद नारायण सिंह को किया याद

रविवार को आदिवासी ध्रुव गोड समाज के तत्वावधान में गोंडवाना मैदान वार्ड 6 में शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा थी। अध्यक्षता लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष नीना विनोद ताम्रकार सहित अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान समाज के युवा, महिला एवं बच्चों में उत्साह देखने मिला।

सुबह समाज की महिलाओं ने सिर पर ज्वारा लेकर शीतला मंदिर, गांधी चौक, मां गंगई मंदिर, तिरंगा चौक तक शोभायात्रा निकाला। यह महिलाएं वापस गोंडवाना मैदान पहुंची। शोभायात्रा में विधायक श्रीमती वर्मा , पार्षद दिलीप ओगरे, नारायण चतुर्वेदी, सूरज नामदेव, क्रांति ताम्रकार, अमित टंडन आदि भी शामिल हुए। ढाबा के कलाकारों ने सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी। इस दौरान दसवीं और बारहवीं में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत के बारे में बताया।

# कचरे में जरूरी फाइलें



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जनपद पंचायत का सुविधायुक्त भवन होने के बाद करोड़ों के निर्माण कार्य की फाईलें कचरे की तरह बिखरी पड़ी है। बताया जाता है कि बढ़ती फाईलो के ढेर को प्लास्टिक की बोरियों में भरकर पहले व्यवस्थित ढंग से जमाकर रखा गया था किन्तु धीरे-धीरे उन्हें बोरियो में भरने के बाद अव्यवस्थित ढंग से छोड़ दिया गया है। फाईलो को कबाड़ में रख दिया है। एक साल से स्टोर रूम की सफाई तक नहीं किया है।

# नल तो है पर पानी के लिए तरस रहे लोग

## गरीबों की कॉलोनी में गंभीर जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

घर घर नल से जल पहुंचाने के लिए देश में जल मिशन चलाया जा रहा है वहीं शहर में केन्द्र सरकार की योजना के तहत बनी कालोनी के लोग सालों से पानी के लिए तरस रहे हैं। लगातार मांग के बाद भी नगर प्रशासन यहां के लोगों के लिए पानी का प्रबंध नहीं कर पाया है। वार्ड 15 स्थित आवास कालोनी में टैंकर के माध्यम से पानी जरूर सप्लाई किया जाता है किन्तु लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता।

जानकारी के अनुसार जवाहर झुग्गी झोपड़ी उन्मूलन योजना के तहत पूर्व सांसद स्व. देवव्रत सिंह के कार्यकाल में करोड़ों की स्वीकृति नगर पंचायत को मिली थी। सालों लटकने के बाद जैसे तैसे आवास निर्माण पूरा तो हुआ किन्तु आधी अधूरी सुविधा के बाद गरीबों को आवास आबंटित कर दिया गया जिसका खामियाजा यहां निवासरत लोगों को अब तक भोगना पड़ रहा है। कालोनी वासियों ने बताया कि पूरी कालोनी में पानी का कोई इंतजाम नहीं किया गया है। हैंडपंप खोदे भी गए हैं तो कुछ बंद हैं तो कुछ से पानी ही नहीं आता।

पाईप बिछाकर नल लगाया है जिसकी धार ऐसी होती है कि एक गुंडी पानी भरने में घंटों लग जाते हैं।



### उपेक्षा से लोग परेशान

वार्डवासियों ने बताया कि आवास आबंटन के बाद से वह पानी के संकट से जूझ रहे हैं। इस संबंध में पहले वार्ड के लोग जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के अलावा कई बार नगर पंचायत में प्रदर्शन भी कर चुके हैं किन्तु अब पानी उपलब्ध कराने की दिशा में सार्थक पहल नहीं की गई है।

### नागरिकों ने बताया अपना दुखड़ा

वार्ड की महिला पुरूषों के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को ज़िला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, योगेश पटेल, लोकेश यद्दु, लक्ष्मी नारायण सेन आदि ने मुलाकात कर अपनी परेशानियों से अवगत कराया। श्री गांधी ने तत्काल सीएमओ को बुलवाकर में समस्या ठीक करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि नगर में पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए करीब 12 करोड़ की लागत से जल आवर्धन योजना का निर्माण किया गया है। यह योजना दर्री एनीकट ढहने के बाद फेल हो गई है। अब तक न तो दर्री एनीकट का जीर्णोद्धार हो सका है और न जल आवर्धन योजना को चालू करने का प्रयास किया गया है।

# मांडू में संस्कार गीत का विमोचन



**गंडई पंडरिया।** जनजातीय लोककला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश द्वारा प्रकाशित डॉ. पीसी लाल यादव की कृति संस्कार गीत का विमोचन 24 दिसम्बर को कला एवं संगीत की नगरी मांडू के श्री राम मंदिर सभा भवन में किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री अन्विता अब्बी नई दिल्ली एवं अन्य अतिथियों ने कृति का विमोचन कर डॉ.पीसी लाल यादव को बधाइयां दी।

### पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिज़नेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

### केन्द्र सरकार की योजनाओं से लोगों को मिला लाभ

# दो पंचायत में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत महाराजपुर एवं रामपुर से किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का वेन का ग्रामीणों ने स्वागत किया।

तत्पश्चात प्रधानमंत्री के संदेश एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू थी। अध्यक्षता किरण वैष्णव ने की। विशेष अतिथि रविन्द्र वैष्णव, अजय पटेल, संजय सिन्हा, खिलेश्वर साहू, सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि थे। पर्यावरण संरक्षण व जैविक कृषि को बढ़ावा देने पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति धरती कहे पुकार के की प्रस्तुति स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने दी। केन्द्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किया।



कृषि विभाग ने जैविक कृषि को बढ़ावा देने किसानों को प्रेरित किया। शिविर में सीईओ एसके ओझा, विजय कोठारी, आसराम कंवर, मोहित पडोती शामिल हुए।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
जड़ से इलाज
रायपुर : 9406004581
बिलासपुर : 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### गाड़ाघाट हाई स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर

**खैरागढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव अध्यक्ष आलोक कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय हाईस्कूल गाड़ाघाट में मूल कर्तव्य, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सहायता, रैगिंग, पॉक्सो अधिनियम विषय पर न्यायाधीश व तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष चन्द्र कुमार कश्यप की उपस्थिति मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। एडीजे श्री कश्यप ने छात्र-छात्राओं को धारा 354 के बारे में बताते हुए कहा कि महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ या उत्पीडऩ के मामले जब भी कानूनी तौर पर दर्ज होते हैं। तो पुलिस अक्सर ऐसे मामलों में आरोपी के खिलाफ धारा 354 के तहत मुकदमा दर्ज करती है जहां स्त्री की मर्यादा और मान सम्मान को क्षति पहुंचाने के लिए उस पर हमला किया गया हो या उसके साथ गलत मंशा के साथ जोर जबरदस्ती की गई हो। कोई भी पुरुष जो ऐसी परिस्थितियों में किसी महिला को निज कार्य करते हुए देखता है, या उसकी छवि कैद करता है, जहां आमतौर पर उसे अपराधी द्वारा या अपराधी के आदेश पर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा नहीं देखे जाने की उम्मीद होती है या ऐसी छवि को प्रसारित करता है।



### परीक्षा बाद सुकुन देने पजामा पार्टी

**खैरागढ़।** शहर के सिविल लाइन मे संचालित ब्राइट स्पार्क एकेडमी में बच्चो को परीक्षा के बाद मनोवैज्ञानिक प्रसन्नता के लिए पजामा पार्टी का आयोजन किया गया। जहां सभी छात्र-छात्राएं पजामा पहनकर आए थे। पजामा पार्टी की थीम के आधार पर कक्षाओं को सुसज्जित किया गया था और क्लासरूम में अंधेरा कर मन शांति का प्रयोग कराया गया। इस दौरान घर जैसे वातावरण में खिलौने के माध्यम से खेल भी खिलाया गया। कठपुतली के माध्यम से खेल-खेल में शैक्षणिक गतिविधि बताई गई वही शिक्षिकाओं के द्वारा अंग्रेजी व हिंदी में कविता व कहानी सुना कर पोषक खाद्य सामग्रियों के विषय में भी जानकारी दी गई। पजामा पार्टी का आयोजन से बच्चों में एक अलग तरह की खुशी का संचार हुआ। पढ़ाई से दिमाग में थकान होती है इसलिए वैज्ञानिक सोच को आधार बनाकर यह मूवमेंट किया गया। उक्त गतिविधि में संस्था की संचालिका हरप्रीत कौर सूरी सहित स्टाफ का सहयोग रहा।

### टेकापार कला में रासेयो का शिविर शुरू



**खैरागढ़।** ब्लाक के टेकापार कला मे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का जिपं सभापति व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य मे शुभारंभ हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप मे अधिवक्ता ज्ञान दास बंजारे, सरपंच राजेश सिंह और गोरेलाल वर्मा उपस्थित थे। शिविर 21 से 27 दिसंबर तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदराकुही के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि घम्मन साहू ने कहा कि रासेयो छात्र-छात्राओं में अनुशासन एवं संयमित जीवन जीने की कला सीखाता है। इसमे शामिल स्वयंसेवको की दिनचर्या सुबह पांच बजे से लेकर रात्रि दस बजे तक विभिन्न शारीरिक, सामाजिक, व बौद्धिक गतिविधियों के साथ होती है। गांव में नशा उन्मूलन, स्वच्छता जैसे विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य भी करते है। इसके अलावा रासेयो के माध्यम से व्यक्तित्व विकास का मंच मिलता है। उन्होने इसमे शामिल सभी स्वयंसेवको को शिविर में भाग लेकर भावी जीवन के लिए नया रास्ता तय करने की शुभकामना दी। इस अवसर पर एनएनएस के कार्यक्रम प्रभारी केके वर्मा सहित ग्रामीण, शिक्षक व स्वयंसेवी छात्र उपस्थित थे।

### जोगेश्वर धनकर बने ब्लॉक सचिव संघ अध्यक्ष

**खैरागढ़।** छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई के जोगेश्वर धनकर दुबारा अध्यक्ष बने। जनपद सभा कक्ष में निर्वाचन अधिकारी निलेश सिंह क्षत्रिय व सहायक निर्वाचन अधिकारी लोकेश जंघेल की उपस्थिति में आयोजित चुनाव प्रक्रिया मे जोगेश्वर धनकर अध्यक्ष चुने गए। जोगेश्वर धनकर ने करीबी प्रत्याशी जगन्नाथ वर्मा को 18 मतो से हराकर दुबारा ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव मे संघ के 98 सचिव सदस्यो ने मतदान किया। नव नियुक्त अध्यक्ष जोगेश्वर धनकर ने पंचायत सचिवों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सचिवों के शासकीय करण सहित हड़ताल अवधि का रूका हुआ वेतन दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। इस दौरान भागवत साहू, खुमान यादव, लाला राम, अशोक साहू, हिरेंद्र लोधी, रेखचंद महिलांगे, सियाराम साहू, पुलस वर्मा, मिलाप वर्मा, सुनील झा, गैंदलाल वर्मा, प्रेमचंद सेन, संदीप धनकर, धुरव कुमार धर्मेंद्र, जागेश्वर चंदेल, खेलन धुर्वे, पुनऊ धुर्वे, तरुण साहू, दिनेश तांडेकर, नाजनीन नियाज़ी, ललिता यादव, साधना महोबिया, अनुराधा धुर्वे, गुंजा राणा, खिलेश्वरी पटेल, सुधा वर्मा, जागेश्वरी वर्मा, कांति जांगड़े, आरती श्रीवास्तव, सीमा जोशी, साधना चंद्रवंशी, खेमराज वर्मा, जग्गू साहू, अनीश जोशी, कुंजलाल वर्मा, गौतम साहू, गिरधर मेरावी, नेमीचंद वर्मा, अकलेश ठाकुर, चंद्रकांत निर्मलकर, टिकेश्वर वर्मा, दीगम वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।



### रैली निकालकर दिया जागरूकता का संदेश

**खैरागढ़।** इंदिरा कला संगीत विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एड्स जागरूकता कार्यक्रम तहत उन्मुखीकरण व्याख्यान और रैली का आयोजन किया गया। विवि के रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. खुशबू विवेक बिसेन और डॉ एस कुमार साहू ने एचआईवी, एड्स के विषय में विस्तार से जानकारी दी। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिवाकर ने कहा कि कुलपति डॉ ममताचंद्राकर के संरक्षण और कुलसचिव प्रो डॉ नीता गहरवार के मार्गदर्शन में इकाई द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराई जा रही है। व्याख्यान और रैली में संगीत संकाय के अधिष्ठाता प्रो डॉ नमन दत्त, प्रो डॉ राजन यादव, डॉ लिकेश्वर वर्मा, डॉ शिवनारायन मोरे, अतिथि शिक्षक खुशबू, एनएसएस कैडेट्स, विभिन्न विभागों के विद्यार्थी, शोधार्थी समेत विवि परिवार उपस्थित था। एड्स की रोकथाम और जागरूकता पर केंद्रित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ जिसमे सुप्रीति मलिक पीजीडीपीए को प्रथम, प्रियंका जंघेल एमपीए को द्वितीय और दिव्या विश्वकर्मा एमपीए

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

## संस्कारयुक्त शिक्षा से ही राष्ट्र निर्माण : रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारयुक्त शिक्षा ही कीमती होती है। इसी शिक्षा के बूते हम समृद्ध और खुशहाल राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। एनबीआईएस बोरी की शिक्षा, विद्यार्थियों को संवार रही है और यही विद्यार्थी आने वाले दिनों में परिवार, समाज और देश को गौरव प्रदान करेंगे। उक्ताशय के विचार छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में आयोजित सातवें वार्षिकोत्सव में रखे। मुख्य अतिथि की आसंदी से उन्होंने कहा कि एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स बहुत तेजी से मूल्य आधारित एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा के मामले में तरक्की कर रहा है। उन्होंने इसके लिए इंजी. नीरज बाजपेयी की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते अपनी शुभकामनाएं भी दी।

संस्था के दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'उड़ान 2023' में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह का एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के फाउंडर एवं डायरेक्टर इंजी. नीरज बाजपेयी ने पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर जिला भाजपा के रमेश पटेल, कोमल सिंह राजपूत, राजेंद्र गोलछा, एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, नीरज फाउंडेशन स्कूल की डायरेक्टर रेणु बाजपेयी, डायरेक्टर एकेडमिक उर्मिला दीक्षित, संस्था प्राचार्य एकता गांधी, प्रतिष्ठित नागरिक, छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित थे।



### मुख्य अतिथि ने किया प्रतिभाओं को सम्मानित

अतिथियों के स्वागत पश्चात एनबी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के फाउंडर एवं डायरेक्टर इंजी. नीरज बाजपेयी ने कहा कि उनके लिए शिक्षा का क्षेत्र समाजसेवा का माध्यम है। उन्होंने इस क्षेत्र में लगभग 30 वर्षों के अपने अनुभवों को साझा करते कहा कि आज पर्यंत वे उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ अपने विद्यालयों को राष्ट्र निर्माण का केंद्र बनाए हुए हैं। उनके यह केंद्र मंदिर की तरह पावन और गरिमापूर्ण है। एनबीआईएस बोरी को पूरे प्रदेश में श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान बनाने का अपना संकल्प दोहराते उन्होंने भविष्य की योजनाओं को भी उपस्थित पालकों के समक्ष रखा। स्वागत भाषण पश्चात मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने स्कूल की प्रतिभाओं को अपने हाथों सम्मानित किया। शाला परिवार द्वारा डॉ. रमन सिंह को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर आभार व्यक्त किया गया। संस्था के वार्षिकोत्सव में नीरज फाउंडेशन स्कूल एवं एनबीआईएस बोरी के बच्चों ने सिलसिलेवार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

## अजीज पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव संपन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अजीज पब्लिक स्कूल इंदमारा का वार्षिक उत्सव भव्य रूप से मनाया गया। सीबीएसई एफिलेशन मिलने के बाद शाला का ये प्रथम वार्षिक उत्सव है। समारोह के मुख्य अतिथि राजनांदगांव एसपी मोहित गर्ग, आईबी ग्रुप के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर अंजुम अल्वी, शाला डायरेक्टर तनाज अजीज, श्री दानिश, फरजाना अली, शदफ उपस्थित थे। कार्यक्रम कला उत्सवम का मुख्य आकर्षण साउथ इंडिया पर आधारित थे। जिसमें कांतरा, अघोरी, ओनम नृत्य, क्लासिकल नृत्य, बंगाली नृत्य, हिंदी नाटक एव वेस्टर्न स्टाइल बॉलीवुड जैसे कार्यक्रमों ने सांस्कृतिक विविधता दर्शाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत संगीत शिक्षक श्याम हाजरा और तरुण गढपायले द्वारा सर्वधर्म समभाव पर आधारित प्रार्थना से की गई। वार्षिक सम्मेलन के मुख्य कोरियोग्राफर डांस शिक्षक हर्षित साहू एवं अन्य शिक्षकगण शामिल हैं। अजीज पब्लिक स्कूल इस वर्ष से गवर्मेंट के लाइफ प्रोजेक्ट से जुड़ गाया है। जिसके उद्देश को नृत्य नाटिका के जरिये दिखाया गया और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। पर्यावरण संरक्षण में पहल करते शाला परिसर में नो सिंगल यूस प्लास्टिक के मोटो के साथ व्यवस्था की गई। शाला प्राचार्य सचिन पाल सिंह ठाकुर ने अपने सारगर्भित प्रतिवेदन में शाला की गौरवशाली गतिविधियों को बताया तथा शिक्षकों के साथ शाला को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया।

# योजनाओं का लाभ दिलाना विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य

**खैरागढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ब्लॉक के ग्राम पंचायत सलोनी में प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य मे कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने की वही विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा महामंत्री रामाधार रजक व शहर मंडल महामंत्री आलोक श्रीवास उपस्थित थे। कार्यक्रम मे स्टाल लगाकर शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया गया तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने देश को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखकर विकासशील राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए क्या-क्या आवश्यकताएं होती है, इसको एक विजन के रूप में पीएम मोदी पूरा कर रहे है। देश जब अपनी आजादी का 100 वीं वर्षगांठ मनाएगी तो भारत विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा होगा। विकसित भारत की संकल्पना के साथ रथ निकाले जा रहे है, इसमें गरीब लोगों के लिए जितनी भी सेवाएं उपलब्ध है जैसे कृषि, स्वास्थ्य, आधार सहित अन्य सेवाएं उनके द्वार तक शत-प्रतिशत पहुंचाने का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। यह विकसति भारत संकल्प रथ प्रत्येक ग्राम पंचायत में जाएगी जहां विभागीय सेवाओं का स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी के साथ सेवा प्रदान की जाएगी। उन्होंने सभी लोगों को योजनाओं का लाभ लेने अपील की। विक्रांत सिंह ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को बेहतर कार्य करते हुए इन सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश या ताकि अधिक से अधिक लोग इस जुडक़र लाभान्वित हो सके। इस दौरान सरपंच अमीषा वर्मा, रविन्द्र वर्मा, भूषण वर्मा, परसराम वर्मा, प्रताप वर्मा, देवप्रसाद दुबे, मानबाई वर्मा, मन्थीर वर्मा, प्यारेलाल नागवंशी, कोमल वर्मा, कुम्भ वर्मा, शेखर वर्मा, अमरसिंह वर्मा, बृजलाल धर्मेंद्र, निलकुमार वर्मा, मधुसूदन वर्मा सहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।

# डिप्टी सीएम साव पहुंचे शहर, साहू समाज के कार्यक्रम में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- उप मुख्यमंत्री अरूण परिचय सम्मेलन व सम्मान समारोह में हुए शामिल

उप मुख्यमंत्री अरूण साव साहू सदन राजनांदगांव में आयोजित साहू समाज के छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए।



उप मुख्यमंत्री श्री साव ने युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने वाले युवक-युवतियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर सांसद संतोष पांडेय ने भी युवक-युवतियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर साजा विधायक ईश्वर साहू, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू सहित जनप्रतिनिधि व साहू समाज के पदाधिकारीगण, बड़ी संख्या में साहू समाज के युवक-युवती व समाज के सदस्य उपस्थित थे।

### झंडातालाब में मंडई कल

**डोंगरगढ़।** ग्राम झंडातालाब में 25 दिसम्बर को मंडई का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए सालेटोल चारामा का कार्यक्रम रखा गया है। सरपंच देवराम ठाकुर, ग्राम पटेल रामगुलाल वर्मा, भगवानदास वर्मा ने क्षेत्रवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

### मंडई 30 को

**डोंगरगढ़।** पारागांव खुर्द में 30 दिसंबर को मंडई आयोजित किया गया है। रात्रि में रंगधारा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ओनवा छुरा का नाच होगा। ग्राम पटेल अजय मानिकपुरी एवं सरपंच बुद्धसेन ठाकुर ने यह जानकारी दी।

### भंडारी भरदा मंडई 26 को

**कुमरदा।** समीपस्थ ग्राम भंडारी भरदा में आगामी 26 दिसंबर को मंडई एवं ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में करमतरा वालों का छत्तीसगढ़ी नाच का आयोजन किया गया है। ग्राम के देवसिंह भंडारी, ग्राम पटेल भिसेनसिंग आदि ने ग्रामीणों से उपस्थिति की अपील की है।

# मारवाड़ी गौड़ ब्राम्हण प्रीमियर क्रिकेट लीग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



आलराउंडर सत्यम शर्मा के ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के चलते पंचोली ब्रदर्स ने परशुराम हिटर्स को मारवाड़ी गौड़ ब्राम्हण समाज परशुराम भवन राजनांदगांव द्वारा तुलसी विहार टर्फ क्रिकेट मैदान रायपुर नाका में खेली जा रही प्रथम मारवाड़ी गौड़ ब्राम्हण प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में करारी शिकस्त दी। आज के अन्य मैचों में शर्मा योद्धा ने बालाजी सुपर किंग को, पुरोहित रायल्स ने शक्ति टाईटन्स को व परशुराम हिटर्स ने बालाजी सुपर किंग को पराजित किया। इस अवसर पर डॉ. मिथलेश शर्मा सहित समाज के वरिष्ठजन, नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल के साथ ही आयोजन में शामिल टीमों के संचालक, कोच, मैनेजर व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

मारवाड़ी गौड़ ब्राम्हण प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन के पहले मैच में पंचोली ब्रदर्स ने सत्यम शर्मा के बल्लेबाजी के चलते श्रेष्ठता साबित करते परशुराम हिटर्स को 7 विकेट से पराजित कर स्पर्धा में टॉप पर बनी हुई है। परशुराम हिटर्स ने पहले बल्लेबाजी करते 6 ओवर में 3 विकेट खोकर 29 रन बनाए थे। जिसके जवाब में पंचोली ब्रदर्स के ओपनर बल्लेबाज सत्यम शर्मा ने महज 10 गेंद में ही 31 रन बनाकर जीत दिला दी। दूसरे मैच में शर्मा योद्धा ने बालाजी सुपर किंग को हराया। बालाजी ने 6 ओवर में 4 विकेट खोकर 18 रन बनाए थे, जिसे शर्मा योद्धा ने 2.3 ओवर में 19 रन बनाकर मैच अपने पक्ष में कर लिया। जिसमें प्रशांत शर्मा ने 8 रन बनाए व 2 विकेट लिए। तीसरा खेला गया मैच काफी उलट-पुलट वाला रहा। जिसमें शक्ति टाईटन्स को पुरोहित रायल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा। शक्ति टाईटन्स ने पहले बल्लेबाजी करते 6 ओवर में 3 विकेट खोकर 42 रन बनाए थे। जिसमें अभिषेक शर्मा ने 28 रन का योगदान दिया था। इसके जवाब में पुरोहित रायल्स ने 4.4. ओवर में 47 रन बनाकर मैच जीत लिया। पुरोहित की ओर से आयुष शर्मा ने 28 रन बनाए व अभिषेक शर्मा ने दो विकेट लिया। अंतिम मैच में परशुराम हिटर्स ने बालाजी सुपर किंग को 7 विकेट से पराजित किया। बालाजी सुपर किंग ने पहले बल्लेबाजी करते विनायक जोशी के 16 रन व दीपक शर्मा के 15 रन की बदौलत 3 विकेट पर 42 रन बनाए थे। जिसके जवाब में परशुराम हिटर्स ने अनंत शर्मा की शानदार बल्लेबाजी 17 गेंद में 37 रन के योगदान के चलते बिना कोई विकेट के 3.4 ओवर में 48 रन बनाकर मैच अपने पक्ष में कर लिया।

### आज सेफा व फाइनल

प्रतियोगिता का सेमीफाइनल व फाइनल मैच, पुरस्कार वितरण समारोह कल 25 दिसंबर को रात्रि 7.30 बजे से तुलसी विहार रायपुर नाका टर्फ क्रिकेट मैदान में आयोजित है। सेमीफाइनल मैच रात्रि 7.30 बजे से व फाइनल मैच रात्रि 9 बजे से खेला जाएगा।

## सार समाचार

### समारोह में शामिल होंगे चौधरी

**राजनांदगांव।** किसान नेता अशोक चौधरी कल सुशासन दिवस पर नवनिर्वाचित भाजपा सरकार के संकल्प पत्र में घोषित 2 साल का बोनस किसानों के खाते में दिए जाने वाले समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। तुमड़ीबोड समिति में यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में डोंगरगांव विकासखंड के तुमड़ीबोड समिति के सदस्य व किसान बड़ी संख्या में शामिल रहेंगे।

ज्ञात हो कि भाजपा ने चुनाव के पूर्व अपने संकल्प पत्र में दो साल का बोनस अटल बिहारी बाजपेई के जन्म दिवस 25 दिसंबर पर, जिसे सुशासन दिवस समारोह के रूप में मनाया जाता है, उस दिन किसान के बैंक खाते में देने की घोषणा किया था।

### आज से निःशुल्क कराटे प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** प्रबुद्ध सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष महेन्द्र बंसोड़ ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि शीतकालीन अवकाश के दौरान सभी वर्ग के लोगों के लिए प्रबुद्ध सर्वोदय मंडल जुडो कराटे प्रशिक्षण, ध्यान प्रशिक्षण शिविर, विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करने जा रहा है।

सभी आयोजन कल 25 दिसंबर से प्रारंभ होकर 31 दिसंबर तक निरंतर आयोजित किए जाएंगे, जो निःशुल्क होंगे। जिसमें युवा, बच्चे, युवतियां व वरिष्ठ नागरिक भाग ले सकते हैं। उक्त सारे आयोजन रमा आई डॉ. आंबेडकर परिसर शिक्षक नगर स्टेशनपारा में आयोजित किए जाएंगे।

### कल जोरातराई में मंडई

**राजनांदगांव।** ग्राम जोरातराई बोरी में इस वर्ष भी अग्घन पूर्णिमा के अवसर पर आगामी 26 दिसंबर को मंडई एवं रात्रि में मनोरंजन के लिए मोर मायारूक छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी छेडिया भरदा गुरू जिला बालोद का कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें ग्राम के उपसरपंच टाकेश सिन्हा ने आसपास के ग्रामीणों को शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

### भेड़ीकला में मंडई-मेला 28 को

**राजनांदगांव।** ग्राम भेड़ीकला का मंडई मेला आगामी 28 दिसंबर को ग्रामवासियों एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में रखा गया है। सरपंच कृष्णा साहू ने बताया कि रात्रि में मनोरंजन के लिए लोकरंग अर्जुंदा वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। सरपंच कृष्णा साहू, उपसरपंच अजीतराम देवांगन, ग्राम अध्यक्ष पोषण दास साहू ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है।

### भर्रेगांव में आज सत्संग व विशाल तुलसी पूजन

**राजनांदगांव।** श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के तत्वावधान में पूज्य संतश्री आशारामजी बापू की साधिका शिष्या साध्वी सुशीला बहन (अहमदाबाद) का एक दिवसीय सत्संग व विशाल तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन कल 25 दिसंबर को सुबह 10 बजे से भर्रेगांव के रामलीला मैदान में किया जा रहा है।

इस आयोजन में सुबह 8 बजे से बच्चों के लिए विशेष सत्र में बुद्धिशक्ति, निर्णय शक्ति तथा सर्वांगीण विकास के प्रयोग, प्राणायाम आदि सिखाए जाएंगे तथा दीदी का सत्संग व तुलसी पूजन 10 बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन समिति के रोहित चंद्राकर व दिलीप सिन्हा ने बताया कि प्रतिवर्ष 25 दिसंबर तुलसी पूजन दिवस अवसर पर सत्संग व तुलसी पूजन का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष अहमदाबाद आश्रम से साध्वी सुशीला दीदी के सानिध्य में यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राजनांदगांव जिले के अलावा आसपास जिले के साधकवृन्द सत्संग कार्यक्रम का लाभ उठाएंगे। कार्यक्रम के अंत में भोजन-भंडारे की भी व्यवस्था रहेगी।

## पेज 07 का शेष

### संस्कारधानी में 108...

**अध्यक्ष ने किया आभार व्यक्त :** ऐसे आचार्य भगवान जिनके दर्शन को देवराज इंद्र भी अपना सौभाग्य समझते हैं, ऐसे आचार्य परमेष्ठी को नवधा भक्ति से पडगाहन कर संपन्न करने का सौभाग्य सीलरानी काकी परिवार दिगंबर जैन समाज के सचिव रविकांत जैन, चंद्रकांत जैन, सूर्यकांत जैन परिवार को प्राप्त हुआ। जिसकी सारे समाज ने उनके पुण्य की बहुत अनुमोदना की । आज आचार्य भगवान की मंगल अगवानी के लिए उपस्थित सभी साधर्मी बंधुओं का सभी सम्मानित शहरवासियों का दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक झंझरी, सचिव रविकांत जैन ने सभी की गरिमामय उपस्थित के लिए आभार व्यक्त किया।

### आंतरिक संबंधों के शक में सराफा व्यापारी पर चलाई गोली

# गोलीकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

वासड़ी बाजार कर गुरुवार को लौट रहे यूपी के मूल निवासी सराफा व्यापारी की गाड़ी पर भरमार बंदूक से गोली चलाने वाले अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के तीन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। वारदात के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने मामले का पर्दाफाश किया है। घटना अधेड़ उम्र की महिला के साथ आंतरिक संबंध होने के शक में गोली दागी गई।

अं.चौकी पुलिस के मुताबिक गुरुवार शाम करीब 6 बजे चिल्हाटी तथा पाटन थाना क्षेत्र के बीच सराफा व्यापारी सुरेश सोनी के वापसी के दौरान चलती कार पर जंगल रास्ते पर गोली चला दी गई। घटना को अंजाम देकर फरार आरोपियों ने भरमार बंदूक को वारदात स्थल से 5 किमी दूर बंजारी गांव के आउटर में फेंक दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद किया है। इस मामले में एसपी रत्ना सिंह के निर्देश पर पुलिस की पांच अलग-अलग टीम काम कर रही थी, जो 24 घंटे के भीतर मामले को सुलझा लिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कुछ समय पूर्व यूपी से आकर अं.चौकी में निवासरत सुरेश सोनी साथी अं.चौकी निवासी दिलीप त्रिपाठी तथा टाटेकसा निवासी हेल्पर बाबूलाल साप्ताहिक बाजार वासड़ी से बाजार कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान शाम 5 से 6 बजे के बीच छुरियाडोंगरी-टाटेकसा के बीच जंगल के पास पहले से ताक रहे आरोपी कार पर गोली चला दी, जो दरवाजे के आर-पार निकल गई। गाड़ी में बैठे तीनों व्यक्ति इस घटना में बाल-बाल बच गए। सराफा व्यापारी ने इस घटना की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करवाया।



### चौकी क्षेत्र के निकले आरोपी

पुलिस के अनुसार एसपी रत्ना सिंह के निर्देश पर साइबर सेल, पाटनखास, चिल्हाटी, अं. चौकी की पुलिस टीम एसडीओपी अर्जुन कुर्रे के नेतृत्व में मामले की गहन तफ्तीश की गई। आर्म्स एक्ट के तहत आरोपी धनेश देवांगन पिता रतनलाल देवांगन 32 साल निवासी कान्हे अंबागढ़ चौकी, मूलचंद पिता स्व. अमर सिंह गुंजन 23 साल व दिनेश सलामे उर्फ सुंदर पिता चैतराम सलामे 24 साल दोनों अं. चौकी थाना निवासी को इस वारदात में हिरासत में लिया गया है।

### शक की वजह से वारदात

पूरे मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। बंदूक बरामद कर लिया गया है। शक की वजह से वारदात हुई है।

बृजेश सिन्हा, थाना प्रभारी अंबागढ़ चौकी

### दो टुकड़ों में विभाजित बंदूक

सराफा व्यापारी के गाड़ी में भरमार बंदूक से फायरिंग किया गया। वारदात स्थल से 5 किमी दूर बंजारी गांव के बाहर बंदूक को आरोपियों ने फेंक दिया था। देशी तकनीक से बनाई गई भरमार बंदूक में बारूद और 8 एमएम राड का प्रयोग होने के चलते बंदूक दो टुकड़ों में विभाजित हो गया।

### गोली चलाने वाले को भी आई चोंट

अं. चौकी पुलिस के मुताबिक भरमार बंदूक को कुदुरघोड़ा के जंगल से शिकारियों द्वारा छुपाए गए स्थल से लाना बताया गया है। जिससे गोली चलाई गई। गोली चलाने के दौरान बंदूक दो भागों में विभाजित हो गई है। मूलचंद के हाथों में बंदूक के धमाके से चोंट भी आया है।

## सुशासन दिवस पर आज आयोजन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह ने आज सभाकक्ष में पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाए जाने की तैयारी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस के अवसर पर राज्य के किसानों को धान के दो साल के बकाया बोनस की राशि का भुगतान किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम टेड़ेसरा में आयोजित किया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा का भी आयोजन किया जाएगा। सुशासन दिवस पर 25 दिसंबर को ग्राम पंचायतों में स्थित अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी और वहां साफ-सफाई की जाएगी। स्वच्छता अभियान नगरीय निकायों में 25 दिसंबर से प्रारंभ होकर आगामी एक सप्ताह तक आयोजित होगा।













## पिछड़ी जनजातियों के समग्र विकास के लिए प्रभावशाली कार्ययोजना बनाने के लिए आग्रह किया

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने प्रदेश सहित जिले के विकास के लिए रखी अपनी बात

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दुष्यंत कुमार की इन पंक्तियों को अपने जीवन का आधार बनाने वाले छत्तीसगढ़ राज्य के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा के जन-जन की आवाज बने विजय शर्मा ने पदभार ग्रहण करते ही मुख्मयंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री अरूण साव के साथ मिलकर राष्ट्रीय फलक पर राष्ट्र के उन तमाम कर्णधारों से सौजन्य भेंटकर कवर्धा शहर की धार्मिक पौराणिकता और ऐतिहासिकता की जानकारी दी और आधुनिक युग से कदमताल करने के लिए केन्द्रीय सरकार का मार्गदर्शन और सहयोग मांगा। विदित हो कि केन्द्रीय रेलमंत्री से मुलाकात करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उन्हे अवगत कराया कि सन 2018 में केन्द्र सरकार द्वारा डोंगरगढ-कटघोरा रेल लाइन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी और प्रारंभिक तौर पर रेल मंत्रालय द्वारा सर्वे व प्रारंभिक कार्यो के लिए 500 करोड़ की राशि मुहैय्या करायी गयी थी।

जिसमे से छतीसगढ़ की तात्कालिन सरकार ने 1 रूपए भी व्यय न कर जिले के बरसों के संचित स्वर्ण आकांक्षा को पूरा नहीं किया उसे पुनः नवगति-नवलय के साथ प्रारंभ किया जाए। डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमे रेल लाईन सुविधा की सौगात दी है।

उन्होंने बताया कि लगभग छह हजार करोड़ रूपए की 295 किलो मीटर कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल लाईन पांच जिलों जिसमें कोरबा, बिलासपुर, मुंगेली, कवर्धा तथा राजनांदगांव से होकर गुजरेगी। इस परियोजना में 27 स्टेशन प्रस्तावित है, जिनमें कटघोरा, जमानीमुड़ा, करतला, करतला, बेलतरा, नेवसा, रतनपुर, लामेर, गनियारी, खम्हरिया, तखतपुर, कोसमा, मुंगेली, कंवलपुर, सोमनापुर, बोरदुली, कवर्धा, धनेली, धनगांव, जंगलपुर, गंडई, मुरई, छुईखदान, खैरागढ़, प्रकाशपुर, घोघेडबरी, बेलगांव व डोंगरगढ़ शामिल है। लंबित रेलवे लाईन विस्तार होने के छत्तीसगढ़ के विकास को नई राह मिलेगी। रेल परियोजना से जिले के विकास को और अधिक गति मिलेगी। कबीरधाम जिला प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है, यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं है। रेल लाईन के विस्तार से पर्यटन, उद्योग-व्यापार के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। रेलमंत्री ने आश्वस्त किया है कि विकास के राजपथ पर जिला भी आरूढ होगा और रेल मंत्रालय इस दिशा में त्वरित प्रयास प्रारंभ करेगा। छत्तीसगढ़ सरकार के नवगठन उपरांत 23 दिसम्बर को पहली बार दिल्ली पहुंचे छत्तीसगढ़ के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व अरुण साव देश के राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित कई दिग्गजों से सौजन्य मुलाकात की।





### छत्तीसगढ़ में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास को मिलेगी नई राह

केन्द्रीय शासन के प्रमुख आधार स्तंभ से भेंट के उपरांत डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपती मुर्मू ने धर्म नगरी कवर्धा के ऐतिहासिकता और आदिम जन जीवन के सांस्कृतिक पक्ष को अत्यंत मनोयोग से जाना और उनके समग्र उत्थान के लिए अनेक सुझाव भी दिए। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक, शैक्षणिक और उनके समग्र विकास एवं उत्थान पर विशेष चर्चा की गई।

### जनजातीय समुदायों को सम्मान और समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में अवसर

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट मुलाकात की। उन्होने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जनजतियों के विकास के लिए लिए गए सभी महत्वपूर्ण निर्णयों और योजनओं को अत्योंदय की परिकल्पनाओं को साकार करते हुए अंतिम सामाज के अंतिम व्यक्तियों को जोड़ने की बात कही। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार जनजातीय समुदायों को सम्मान और समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में अवसर और अधिकार दिया जा रहा है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस केन्द्र सरकार द्वारा घोषित किया गया है। भारतीय वन अधिनियम में संशोधन कर बांस को रेगुलेटरी बंधनों से मुक्त किया गया है। सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत की गई है।

### हमारी सरकार में नवीन उत्साह का संचार हुआ : श्री शर्मा

डिप्टी सीएम ने एक औपचारिक चर्चा में बताया कि हमारे देश के केन्द्रीय सरकार के कर्णधारों ने जिस आत्मीयता के साथ छत्तीसगढ़ के जन-जन की चिन्ता की है उससे हमारी सरकार में नवीन उत्साह का संचार हुआ है। मेरा लक्ष्य समग्र छत्तीसगढ़ का विकास है मगर कबीरधाम मेरा मातृजिला होने के नाते विकास के जिन बुनियादी समस्याओं से अछूता रह गया था उसे पूरा कराना मेरा सबसे पहला दायित्व है। आज भोरमदेव बाबा, करपात्री जी महराज, बाबा कबीर दास साहेब व पूज्य गुरू घासीदास बाबा की असीम कृपा से कवर्धा की चर्चा और चिन्ता राष्ट्रीय फलक पर हो रही है। हम अपनी ऐतिहासिक धर्म नगरी में आदिम सभ्यता व आधुनिक विकास का संयोजन इस क्रम से करेंगे कि कहने वाले कह सकेंगे कि ऐ तो कायाकल्प हो गया है इसीलिए मुझे दुष्यंत कुमार जी पंक्तियों का जज्बा हर समय सचेत और उत्साही बनाए रखता है।

# विरेन्द्र साहू को मिली डॉक्टर ऑफ फिलासफी की उपाधि

- अटल बिहारी वाजपेयी के समग्र साहित्य का अनुशीलन विषय में किया शोध।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता विरेन्द्र साहू अब डॉ विरेन्द्र साहू के नाम से जाने एवं पहचाने जाएंगे। जानकारी के मुताबिक विरेन्द्र साहू ने अपने अथक प्रयास, कड़ी मेहनत एवं लगन से डॉक्टर ऑफ फिलासफी की उपाधि प्राप्त की है। श्री साहू ने अटल बिहारी वाजपेयी के समग्र साहित्य का अनुशीलन विषय में श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर से विश्वविद्यालय की हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ सविता वर्मा के निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया है। उल्लेखनीय है कि विरेन्द्र साहू देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को अपना आदर्श मानते हैं और उनके जीवन से काफी प्रभावित है। यही वजह है कि उन्होंने पूर्व अपने शोध के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समग्र साहित्य का अनुशीलन विषय का चुनाव किया है। पूर्व में भी श्री साहू द्वारा विभिन्न मंचो के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, उनके साहित्य, व्यक्तित्व, देश की मातृ भाषा हिंदी को दिए योगदान लोगों के समक्ष रख चुके और कई पुरस्कार व सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। दौरान उनके शुभ चिंतकों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।



## संकुल कोयलारी में बालक्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत संकुल कोयलारी में दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छतीसगढ महतारी के तैलचित्र में माल्यार्पण प विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया, तत्पश्चात क्रीड़ा प्रतियोगिता शुभारंभ किया गया जिसमें कबड्डी, खो-खो, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, फुगडी, रिलेरेस, रस्सी दौड़, जलेबी दौड़, बोरा दौड़, त्रिटंगी दौड़ खेलो का सफल आयोजन किया गया। वहीं कार्यकम के अन्त में शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुती दी गई जिसमें प्राथमिक विभाग प्रथम कृतबान्धा एवं द्वितीय कोयलारी मिडिल विभाग से प्रथम मिडिल स्कूल भानपूर को मिला। खेल की समापन पर विजयी छात्र-छात्राओं को ग्राम कोयलारी सरपंच द्वारा पुरूस्कार वितरण किया गया। इस दौरान संकुल प्रभारी नरेश सिन्हा, शैक्षिक समन्वक भरत तिवारी, प्रधान पाठक नंद कुमार शर्मा, जलेश चन्द्रवंशी, बलदाऊ चन्द्रवंशी, मदन चन्द्राकर, पंचम ठाकुर, सिद्ध राम पाटिल, मनहरण चन्द्राकर, रामधुन धुर्वे, हरीशचंद्र सिन्हा, शिक्षक परमानंद धुर्वे, संतोष साहू, मुकेश साहू, देवशरण साहू, पारस मणि शर्मा, तोषराम पटेल, शिक्षिका छाया नरवरिया, शिक्षक राज कुमार ध्रुव, केशव देवांगन, प्रदीप मंडावी, चेतन्द्र यदु सहित बड़ी संख्या ग्रामीण जन व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### अटल बिहारी वाजपेयी जयंती में सुशासन दिवस मनाए जाएंगे

**कोलेगांव।** पूरे छत्तीसगढ़ में सोमवार को अटल बिहारी वाजपेयी जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया जाएगा, जिसमें गांव-गांव स्थित अटल चौक का रंग-रोगन कार्य जोर-शोर से कराया जा रहा है। जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।

## निधन

### शौकल अली

**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई वार्ड क्रमांक 1 निवासी पूर्व एल्डरमैन वरिष्ठ कांग्रेसी शौकत अली का आकस्मिक निधन रविवार को हो गया स्व. शौकत अली 60 वर्ष के थें। स्व. शौकत अली का नगर पंचायत पाण्डातराई स्थानीय कब्रिस्तान में मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया, उनके आकस्मिक निधन से आसपास क्षेत्र व कार्यकर्ताओं में भारी शोक व्याप्त है। इस दौरान नगर पंचायत पाण्डातराई के गणमान्य नागरिक व सामाजिक तथा समाज के लोग उपस्थित होकर श्रद्धांजलि दी गई। स्व.शौकत अली अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ चले गए।



# हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम में गिनाई उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत रविवार को विकास पर कवर्धा में हमारा संकल्प विकसित भारत का आगमन ग्राम पंचायत बरबसपुर में किया गया। हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के शुभारंभ में बतौर मुख्य अतिथि जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा पंचराम कोशले, अध्यक्षता ग्राम सरपंच रुपबाई बंजारे व विशिष्ट अतिथि पंचगण किशन बंजारे, ईश्वर बंजारे, पेखन टंडन सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी, मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा-अर्चनकर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों विकसित भारत का संकल्प लिया, तत्पश्चात भारत सरकार हमारे द्वारा भारत सरकार हमारे द्वारा नारा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। वहीं शासकीय हाई स्कूल बरबसपुर के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत, स्वागत नृत्य की मनमोहक शानदार प्रस्तुत किया। उक्त कार्यक्रम में सरकार के दर्जनों विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अपने-अपने विभाग के स्टाल लगाकर हितग्राहियों को जानकारी के साथ-साथ उनके समस्याओं का समाधान किया। इसमें शिक्षा विभाग का स्टाल बहुत ही आकर्षण का केंद्र बना हुआ था जहां पर शिक्षा विभाग के विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे वही कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन समुदाय के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा था। राजस्व विभाग द्वारा आय, जाति, निवास बनाकर साथ ही साथ महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार संबंधी विभिन्न जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरण किय, विकसित भारत रथ द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। साथ ही सभी विभाग के हितग्राहियों ने अपने-अपने अनुभव सुनाएं कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम पोषण योजना, मुफ्त खाद्यान्न वितरण योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, स्टार्टअप इंडिया, दीनदयाल अंत्योदय योजना, नल जल योजना, आजीविका मिशन योजना, नैनो यूरिया योजना आदि योजना पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन उमेश ठाकुर, सचिव जगदीश डोगरे, रोजगार सहायक रमशिल्ला कोसरिया एवं ग्रामीण जन सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



# गुरूकुल पब्लिक स्कूल में जूनियर विंग का दसवां नयनाभिराम प्रस्तुति के साथ वार्षिकोत्सव सम्पन्न

- वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में नन्हे-मुन्हे विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा स्थित गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा के जूनियर विंग कक्षा नर्सरी से तीसरी तक के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं का नयनाभिराम, आकर्षक रंगारंग प्रस्तुति के साथ वार्षिकोत्सव झलक सम्पन्न हुआ। वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर पर संचालन समिति अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी व निदेशकगण प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि आकाश जैन आईपीएस बैच 2021, कैडर मंचासीन थे। समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या देवी मां सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर के साथ वार्षिकोत्सव का नयनाभिराम, आकर्षक व शानदार मनमोहक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सर्वप्रथम विद्यालयीन परिवार की ओर से समस्त अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया वहीं शाला के प्राचार्य ने शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर शाला की उपलब्धियों से सभी अतिथियों को अवगत कराया। समस्त अतिथियो के कर कमलों द्वारा विविध रूप से उत्कृष्टता हासिल करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। समस्त अतिथियों द्वारा उद्बोधन में शाला की उपलब्धियों को अवगत कराया व शाला के उतरोत्तर प्रगति की शुभकामनाएं प्रेषित की।

नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा, छत्तीसगढ लोक नृत्य, पुलवामा अटैक, अघोरी शिव भक्ति, मोटिवेशनल सॉग, छत्तीसगढ़ कल्चर, फोन अडिक्शन, मायथलाजिकल जैसे नयनाभिराम शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। वहीं लाइफ इन्जाय, वी पाजिटीव, इन्टरटेंटमेन्ट, ओल्ड डीस्को की आकर्षक नृत्य व संगीत की प्रस्तुति पर नन्हें मुन्ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। इस वार्षिकोत्सव की सांस्कृतिक गतिविधियों के सफल प्रस्तुति के लिए समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शाला परिवार का सराहनीय योगदान रहा। वहीं सभी अतिथियों को शाला परिवार ने स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष, समस्त संचालकगण, प्राचार्य, एकेडमिक डायरेक्टर, प्रभारी प्राचार्य, प्रशासक ने समस्त गुरूकुल परिवार को वार्षिकोत्सव पर शुभकामनाएं प्रेषित की।




## अटल बिहारी वाजपेयी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा



**हरिभूमि कुण्डा।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्न द्रष्टा अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को प्रदेश के साथ ही साथ पूरे देश में भाजपाइयों द्वारा सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में पूर्व प्रधानमंत्री के स्मृति में प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायत में अटल क्षेत्र का निर्माण कर उन्हें सम्मान प्रदान किया गया, जो विगत पांच वर्षो तक सत्ता परिवर्तन के कारण अटल चक्र के रंग-रोगन एवं मरम्मत पर ध्यान नहीं दिया गया था। जिसे पुनः प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने पर 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में भाजपाइयों द्वारा मनाया जा रहा है। वहीं विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत सतगुरु स्थित अटल चौक का रंग-रोगन ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती गायत्री बालमुकुंद चंद्रवंशी द्वारा कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ मे एसपी डॉ अभिषेक पल्लव शामिल हुए

# अंजना-सामनापुर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत क्रिकेट व कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर द्वारा समस्त थान क्षेत्रों अंतर्गत ग्राम अंजना-सामनापुर मे सामुदायिक पुलिसिंग के तहत क्रिकेट व कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं क्रिकेट व कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव शामिल हुए। एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री पल्लव द्वारा क्रिकेट व कब्बड़ी प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच विजेता खिलाड़ी को यातायात जन-जागरूकता के लिए हेलमेट प्रदान किया।

उन्होंने ग्राम अंजना के आयोजन समिति को 10 हजार रुपए सहयोग के रूप मे प्रदान किया। ग्राम अंजना मे 28 टीम व ग्राम सामनापुर मे आयोजित प्रतियोगिता मे 35 टीमों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर शानदार खेल प्रदर्शन किया। उन्होने युवाओं को खेल, मेहनत, सकारात्मक सोच और भविष्य के लिए मेहनत करने के लिए बताया। उन्होने यातायात नियमों को विस्तार पूर्वक समझाया गया और हम सब को इन नियम का पालन करना चाहिए, ताकि वाहन दुर्घटनाओं से बचा जा सके वहीं धोखाधड़ी से बचने तथा धोखाधड़ी करने वाले असामाजिक तत्वों से दूर रहने तथा उनके रोकथाम के उपाय सभी को बताया गया। जिससे वनांचल क्षेत्र को नशामुक्त, अपराधमुक्त बनाया जा सकें।

### खेल को खेल भावना से खेलें: एसपी श्री पल्लव

पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने कहा कि क्रिकेट व कब्बडी काफी लोकप्रिय खेल है, खेल में हार-जीत तो लगी रहती है। हारने वाली टीम को हार से कुछ सीख मिलती है, खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। साथ ही साथ खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है, वहीं क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने में गांव सहित आसपास क्षेत्र के सदस्यों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## खड़ौदा कला में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

खड़ौदा कला में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, वहीं खेल प्रतियोगिता को शुभारम्भ सरपंच नंदराम धुर्वे की अध्यक्षता व उपसरपंच राधेश्याम साहू, सदस्य शाला विकास समिति जलेश साहू, प्राचार्य सुनील कुमार केशरी विशिष्ट आतिथ्य में मां सरस्वती की तैलचित्र में विधि-विधान से पूजा-अर्चना व राष्ट्रगान एवं छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत के साथ किया गया। संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के प्रथम दिवस सभी प्रकार के एकल तथा युगल प्रकार के खेल का आयोजन किया गया वहीं अंतिम दिवस मे शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों का खो-खो, कबड्डी, रिलेरेस, रस्सा-कसी व मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न कराया गया। उपस्थित ग्राम सरपंच ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह खेल ना केवल बच्चों की प्रतिभा का प्रदर्शन है बल्कि यह उनके शारीरिक व मानसिक रूप में सुदृढ़ बनने के लिए भी महत्वपूर्ण है। जिस पर कबड्डी में माध्य शाला कारेसरा के बालक तथा पूर्व माध्यमिक शाला खड़ौदा कला के बालिकाओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही साथ खो-खो प्रतियोगिता में पूर्व माध्यमिक शाला खड़ौदा कला के विद्यार्थियो ने जीत हासिल की। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिक गण तथा ग्रामवासी गण उपस्थित थें।



## खबर संक्षेप

### पिपरिया में तीन दिवसीय वार्षिक खेल आयोजित

**पिपरिया।** नगर पंचायत पिपरिया अंतर्गत महंत राम जानकी शरण दास वैष्णव शासकीय स्नातक महाविद्यालय पिपरिया में तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव के सयुक्त तत्त्वावधान में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिनके खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, बैडमिंटन, 100 मीटर दौड़ तथा चक्र फेंक, भाला फेंक, गोला फेंक, कैरम, मेहंदी, रंगोली, भाषण, चित्रकला एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य सत्येन्द्र चन्द्रवंशी ने की साथ ही सभी प्राध्यापकों ने खेल प्रभारी की भूमिका निभाई वही प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव पर पुरस्कार प्रदान किया गया।

### श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन पर गणित दिवस मनाई

**पिपरिया।** नगर पंचायत पिपरिया अंतर्गत श्रीनिवास रामानुजन जयंती पर महाविद्यालय में गणित संकाय द्वारा गणित दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य सत्येन्द्र चंद्रवंशी द्वारा की गई। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, क्वीज प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में गणित की उपयोगिता एवं महत्व को बताते हुए सुश्री लीना महार द्वारा कई महत्वपूर्ण बाते बताई गई। इस कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीदान दिवाकर द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### धौराबंध संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न

**पिपरिया।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मथानी कला में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला लोचन के विद्यार्थियों का दबदबा रहा है, वहीं इस प्रतियोगिता में छात्र- छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही साथ स्पर्धा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं सामूहिक खेलों प्रतियोगिता में बालक वर्ग कबड्डी में द्वितीय स्थान, बालक वर्ग खो- खो में प्रथम स्थान, बालिका वर्ग खो-खों एवं कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थे।

## निधन

### शेख अमरूद्दीन खान



**हरिभूमि कुण्डा।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत कुण्डा निवासी शेख अमरुद्दीन खान ग्राम पंचायत सचिव का 23 दिसंबर को हृदय गति रुक जाने से इंतकाल हो गया। वे बहुत सरल, सहज व मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। स्व. शेख अमरूद्दीन खाना अपने पिछे भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए। उनका अंतिम संस्कार मुस्लिम कब्रिस्तान स्थानीय कुण्डा में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में परिवार जनों सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### जिले के 86 हजार 363 किसानों के बैंक खातों में बरसेगा 119 करोड़ 23 लाख 07 हजार रूपए

# मोदी की गांरटी पर लगेगी मुहर, किसानों को मिलेगा दो साल का धान बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती आज पूरे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा सुशासन दिवस पर प्रदेश के किसानों से किए एक और वादे को पूरा करते हुए मोदी की गारंटी को पूरा किया जा रहा है। इस सुशासन दिवस पर प्रदेश के किसानों को उनके पिछले दो वर्ष का धान का बोनस की राशि सीधे उनके बैंक खातो में डाली जाएगी। वही कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में सुशासन की तैयारियां पूरी हो गई है। सुशासन दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की विशेष उपस्थिति में जिले के 86 हजार 363 किसानों के बैंक खाते में वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान का बोनस 119 करोड़ 23 लाख 07 हजार रूपए हस्तांतरित की जाएगी। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के आग्रह पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के बैंक खाते में धान का बोनस की राशि को 48 घंटे में हस्तातरित की नए नई व्यवस्था बनाई जा रही है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा इस अवसर पर कबीरधाम जिले के किसानों से सीधा जनसंवाद भी करेंगे। इसी प्रकार जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में सुशासन दिवस का आयोजन करने की तैयारियां की जा रही है। पंडरिया विकासखंड मुख्यालय पंडरिया के जनपद पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वही कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कार्यक्रम की तैयारियों तथा सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और उन्हें आवश्यक जिम्मेदारी सौपीं। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में साफ सफाई, बैठक व्यवस्था, पेयजल, साउंड सिस्टम, प्रमाण पत्र वितरण, हितग्राहियों की उपस्थिति, मुख्यमंत्री के उद्बोधन का सीधा प्रसारण व्यवस्था, निर्बाध विद्युत एवं इंटरनेट व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी आरपी मिश्रा ने बताया कि आज जिले में सुशासन दिवस पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले के खरीफ वर्ष 2014-15 में जिले के 43 हजार 419 किसानों को उनके धान का बोनस 57 करोड़ 92 लाख 28 हजार रूपए और 2015-16 के 42 हजार 944 किसानों को धान का बोनस 61 करोड़ 30 लाख 79 हजार रूपए राशि, इस प्रकार जिले के 86 हजार 363 किसानों के बैंक खातों के माध्यम से 119 करोड़ 23 लाख 07 हजार रूपए राशि हस्तांतरित की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हितग्राही कृषकों से संवाद करेंगे। जिले में किसानों को विकासखण्ड स्तर पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पात्र हितग्राही कृषकों को धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि संबंधी प्रमाण पत्रों का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर एलईडी स्क्रीन, प्रोजेक्टर एवं माईक की आवश्यक व्यवस्था होगी। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा कृषकों से निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान पर 300 रूपए प्रति क्विंटल की दर से पूर्व के वर्षो का बकाया धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा।



### मोदी की सभी गारंटी को मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में पूरा किया जाएगा - उपमुख्यमंत्री

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने राज्य में सुशासन दिवस की तैयारियों पर चर्चा करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के किसानो, महिलाओं, युवाओं सहित सभी वर्गों के लिए वादा किया है। जन आशीर्वाद से पूर्ण जनादेश के साथ छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनी है। हमने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी लेकर छत्तीसगढ के किसानों, युवाओं, महिलाओं सहित सभी वर्गों वादा किया है, उन मोदी की गांरटी को पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने उन सभी गांरटी को पूरा करने की दिशा में अपना कदम बढ़ा दिया है

## अभ्युदय के वार्षिकोत्सव में झलका वसुधैव कुटुंबकम का स्वरूप



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शिक्षा जगत में सिंद्धात और व्यवहार का संगम अभ्युदय स्कूल में 22 दिसम्बर को वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। अतिथियों के स्वागत अभिनन्दन एवं शब्दगत माल्यार्पण से सरस्वती वंदना के साथ वार्षिकोत्सव के संध्या का श्री गणेश हुआ। जो प्रथम दृष्टि में ही प्रशंसनीय रहा, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा.सेंथिल, ए. कुमारन प्रसिद्ध शिक्षाविद बंगलौर, अध्यक्षता संस्था प्राचार्या श्रीमती व्ही शोभा ने किया, विशिष्ट अतिथि के रूप में ट्रस्टी मेंबर सुरेश चोपड़ा एवं यश और सौम्य व्यक्तित्व का केंद्रबिंदु अभिषेक सिंह चेयरमैन अभ्युदय स्कूल रहे, कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति विद्यालय के निर्देशक प्रमोद अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल और सपन चोपड़ा की गरिमामयी उपस्थिति रही। सर्वप्रथम कक्षा चौथी और पांचवी के नव -निहालो ने भी अपनी भावनाओं को स्वागत गीत के रूप में प्रस्तुत किया जिसने पालकों एवं दर्शकों को मंत्र-मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान अभ्युदय विद्यालय इस वर्ष के वार्षिकोत्सव में वसुधैव कुटुम्बकं विषय के साथ G-20 में भारत की भूमिका और उनके सहयोगी राष्ट्रों के संस्कृति और आपसी संबंध व राजनीतिक दृष्टिकोण से उसके महत्व और वर्तमान परिपेक्ष्य में भारत के बढ़ते कद एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाने के स्वरुप को नृत्यों एवं नाटक के द्वारा बहुत की मनमोहक शैली में प्रस्तुत किया और G-20 के इतिहास से लेकर भविष्य तक के संकल्पनाओ को उनके सहयोगी देशो के कला, संस्कृति,परम्परा और वहां की लोकजीवन के स्वरुप को भारतीय सभ्यता से जोड़कर वसुधैव कुटुम्बकं के भाव को प्रस्तुत कर आज के भारत का अपना एक अलग मुकाम है दर्शाया गया साथ ही नाटक के द्वारा भी हमारी सांस्कृतिक विरासत में विश्वबंधुत्व,सबका साथ सबका विकास के चित्र प्रस्तुत कर पौराणिक मूल्यों के साथ विश्व एक परिवार है और आज समस्त देशो को मिलकर आगे बढ़ने की जरुरत को चित्रित कर जनमानस का मन मोह लिया।

## बेटी बचाव बेटी पढ़ाव अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- बच्चो व ग्रामीणों ने बेटी बचाव बेटी पढ़ाव के लिये सपथ लेकर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग महिला सशक्तिकरण अंतर्गत नवबिहान सखी वन स्टॉप सेंटर की टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेन्दरची में बेटी बचाव बेटी पढ़ाव अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सुश्री नीतिका डडसेना महिला संरक्षण अधिकारी ने संबोधित करते हुए बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत प्रधान मंत्री ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत, हरियाणा में की थी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से पूरे जीवन-काल में शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है और महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है। यह योजना तीन मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित की जा रही है अर्थात महिला और बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय तथा मानव संसाधन मंत्रालय यह जानकारी दिया गया उन्होंने मिशन शक्ति व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के बारे में बताते हुए सभी को शपथ भी दिलाई। सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताते उन्होंने कहा कि बेटी हमारे देश की गौरव हैं इन्हें बाल विवाह जैसे अभिशाप से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने इस बारे में सभी को बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सर्वप्रथम 1929 में लाया गया इसके बाद 1949, 1978 और इसके बाद 2006 में संशोधन किए गए इसके अनुसार किसी लड़के या लड़की की शादी 18 वर्ष की उम्र से पहले होना बाल विवाह कहलाता है । बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत शादी के लिए लड़की का उम्र 18 वर्ष और लड़की का उम्र 21 वर्ष होनी चाहिए। साथ यह भी बताया कि मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल अधिकार संरक्षण के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई और चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम निरंतर कार्य कर रहे है। जिले में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 संचालित है जो राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली निःशुल्क फोन आउटरीच सेवा है ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है कोई भी अनाथ, बेसहारा, लावारिस, घुमंतू, गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा और मदद के लिए निःशुल्क नंबर 1098 पर फोन कर सकते हैं। कार्यक्रम में सुश्री नीतिका डडसेना महिला संरक्षण अधिकारी, सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्रीमती कमलेश्वरी ठाकुर प्रभारी प्राचार्य पुष्पांजलि चंद्राकार शिक्षिका, पूर्णिमा चंद्रवंशी, सानेजरहा शिक्षिका शा. हाई स्कूल बेंदरची, महेश निर्मलकर परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 कबीरधाम, कविता साहू सखी वन स्टाफ सेंटर कवर्धा, रामलाल पटेल सुपरवाइजर, शारदा निर्मलकर सुपरवाइजर, आरती यादव सुपरवाइजर श्रीमती परमेश्वरी धुर्वे सुरेश साहू सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती श्याम धुर्वे श्रीमती नितिन किशोरी वर्मा आउटरीच वर्कर एवं स्कूल के सभी शिक्षक, बच्चे व ग्रामवासी उपस्थित थें।



## कलयुग में भी कथा में भगवान के जन्म का साक्षी होना जन्म बंधन से छुड़ाता है-नूतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

स्थानीय प्रसिद्ध कपड़ा व्यवसायी स्वर्गीय कृपाराम साहू के छोटे भाई सिद्ध राम साहू के वार्षिक श्राद्ध में साहू क्लॉथ स्टोर के संचालक भागवत साहू के छोटे भाई माधुरी प्रसाद साहू के द्वारा संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया है जिसमें पंचम दिवस में भगवताचार्य पं नूतन शर्मा के द्वारा भगवान श्री कृष्णचंद्र के जन्म के मधुर कथा बताते हुए बताया कि कलयुग में भी हम भगवान के कथा के माध्यम से मनोयोग पूर्वक जुड़कर भगवान के जन्म का साक्षी होकर जन्म बंधन से मुक्ति पा सकते हैं क्योंकि भगवान का जो चरित्र है वह परम पुनीत इतिहास है और जो परम पुनीत है वह हमें भवबंधन से मुक्ति दिलाने में समर्थ है इसलिए हमें कथा पंडाल में भगवान श्रीकृष्णचंद्र के कथा में हम द्वापर में हो और भगवान श्री रामचंद्र के कथा में हम त्रेता में हो इस भाव से डूब कर मनोयोग का पालन करते हुए हम भवबंधन से मुक्ति पा सकते हैं इस कार्यक्रम में यजमान श्रीमती हेमलता माधुरी प्रसाद साहू प्रयाणकर्ता शुभम शर्मा है पंचम दिवस की कथा में श्रोता के रूप में कुंडा के पूर्व सरपंच सुरेंद्र सिंह छाबड़ा हरदीप सिंह सलूजा (बंटू) दिनेश मिश्रा, बाबूलाल रजक, सुधाराम साहू , विष्णु साहू, बेदराम साहू सहित अधिकाधिक संख्या में परिवारजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे, इस आयोजन से कुंडा के साथ ही साथ आसपास में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।



ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय वैदिक सम्राट)
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8085076969

## नगर पंचायत पण्डरिया विकसित भारत 2047 सफाई अभियान संपन्न



**पण्डरिया ।** महामाया सेवा समिति और नगर पालिका पंडरिया के संयुक्त नेतृत्व में आज के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर वीरेंद्र शर्मा, अधिवक्ता नवल किशोर पांडेय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चन्द्रकुमार सोनी, पंडरिया मण्डल अध्यक्ष गजपाल साहू के मार्गदर्शन में अटल बिहारी बाजपेयी के जयकारे के साथ नगर पालिका पंडरिया अंतर्गत ग्राम रौहा के अटल चौक के आसपास साफ सफाई का कार्यक्रम संपन्न किया जायेगा। वृहत आयोजन में प्रमुख रूप से महामंत्री पदमराज टण्डन, चिंटू अनिल ठाकुर, पवन कुम्भकार, मनमोहन साहू, हरीश जैन, भास्कर देवांगन, मनीष सोनी, झय चन्द्रवंशी, देवा चटर्जी, बुध्देस रॉय, महामाया सेवा समिति से अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि संजय सोनी, सचिव अभिषेक शर्मा, संयोजक, सक्रिय पार्षद अनुराग सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद विजय बर्मन, रौहा नगर वासी तथा नगर पालिका पंडरिया से सीएमओ कोमल सिंह, कर्मचारीगण, स्वच्छता कमांडो तथा आसपास के जागरूक लोगो ने आयोजन को सफल बनाया।

## पेज 07 का शेष

### संस्कारधानी में 108...

**अध्यक्ष ने किया आभार व्यक्त :** ऐसे आचार्य भगवान जिनके दर्शन को देवराज इंद्र भी अपना सौभाग्य समझते हैं, ऐसे आचार्य परमेष्ठी को नवधा भक्ति से पडगाहन कर संपन्न करने का सौभाग्य सीलरानी काकी परिवार दिगंबर जैन समाज के सचिव रविकांत जैन, चंद्रकांत जैन, सूर्यकांत जैन परिवार को प्राप्त हुआ। जिसकी सारे समाज ने उनके पुण्य की बहुत अनुमोदना की । आज आचार्य भगवान की मंगल अगवानी के लिए उपस्थित सभी साधर्मी बंधुओं का सभी सम्मानित शहरवासियों का दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक झंझरी, सचिव रविकांत जैन ने सभी की गरिमामय उपस्थित के लिए आभार व्यक्त किया।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

केन्द्र सरकार के योजनाओं से लाभ लेने वाले अलग-अलग गांव के ग्रामीणों की कहानी

## आयुष्मान योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना सहित लाभार्थियों ने बताएं अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकसित भारत संकल्प यात्रा से ग्रामीणों को उनके अपने गावं में शासकीय योजनाओ का लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए शिविर से जहां स्वास्थय परिक्षण निःशुल्क हो रहा है, तो वही आयुष्मान कार्ड बनाकर ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी तरह उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जैसे अनेक योजनाओं से ग्रामीण सीधे लाभान्वित हो रहे हें। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जिले में 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 होना है। अभी तक विभिन्न ग्राम पंचायतो में 44 शिविरों का आयोजन हो चुका है जिसमे हजारो ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। आगामी दिनों में जिले के सभी ग्राम पंचायत में यात्रा का आयोजन होगा जिसमें योजना से लोगों को लाभ देने का सिलसिला अनारावत जारी रहेगा। संकल्प यात्रा से लाभ लेने वाले विभिन्न हितग्राहियों की कहानी सुनते है उन्हीं की जुबानी जिसमें श्रीमती धनिया निषाद पति दुर्गेश निषाद ग्राम मोहगांव को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना अंतर्गत 5000 रूपए की आर्थिक सहायता मिली। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भकाल एवं शिशु के जन्म के समय माता और शिशु को स्वास्थ पोशण और आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर इस अवधि में होने वाले आर्थिक हानी की प्रतिपूर्ती करना है। इसी तरह जनपद पंचायत कवर्धा के नयापारा शिविर में ऐश्वर्या धुर्वे, कुमारी छेदावी ने अपने अनुभवो को बताया। वहीं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजनांतर्गत जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम पंचायत धमकी के सुरेश कौशिक, श्रीमती कौशल्या कौशिक, ग्राम पंचायत अमलिडीह के सोनी बाई एवं रजनी व जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के ग्राम पंचायत गौरझूमर, दुलार सिंह एवं बैसाखीन, हेमलता कौशिक को 5-5 लाख रूपए का कार्ड बनाकर शासकीय योजनाओं से शिविर में ही लाभान्वित किया गया। ऐसे ही बहुत से बीपीएल परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजनांतर्गत भेखज कौशिक, अमिनलाल कौशिक नयापारा ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि उन्हे इस योजना से सीधे आर्थिक लाभ हो रहा है।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
L4-L5 नसों में दबाव, शून्यपन, सायटिका, दोनों पांव पर दर्द, अकड़न।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133